‘मुख्यमंत्री सारथी योजना’ का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

15 जुलाई, 2023 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आर्यभट्ट सभागार, राँची विश्वविद्यालय में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण देकर रोज़गार एवं स्वरोज़गार से जोड़ने हेतु ‘मुख्यमंत्री सारथी योजना’ का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस योजना का मुख्य उद्देश्य है- राज्य के युवा अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निखार कर स्वावलंबन का मार्ग बिरसा केंद्र(**Block Level Institute for Rural Skill Acquisition)** के माध्यम से प्रशस्त कर सकें।
- इस योजना के प्रथम चरण (2023- 24) में राज्य के 80 प्रखंडों में योजना का शुभारंभ हुआ है। आगामी दिनों में राज्य के सभी प्रखंडों में बिरसा योजना संचालित किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री सारथी योजना का लाभ सभी वर्ग के युवा निःशुल्क ले सकेंगे। इसके लिये सरकार द्वारा पात्रता तय की गई है। सामान्य श्रेणी के 18-35 वर्ष के युवक/युवतियों एवं आरक्षित श्रेणी **(ST/SC/OBC)** के 50 वर्ष तक के पुरुष/महिलाओं के लिये प्रखंड स्तर पर कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
- प्रशिक्षण के बाद सफल युवक/युवतियों को तीन माह के अंदर नियोजन नहीं होने की स्थिति में रोज़गार प्रोत्साहन भत्ता के रूप में युवकों को 1000 रुपए और युवतियों/दिव्यांग/परलैंगिक को प्रतिमाह 1500 रुपए अधिकतम एक वर्ष के लिये **Direct Benefit Transfer (DBT)** के माध्यम से दी जाएगी।
- इसके साथ ही, गैरआवासीय प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को उनके घर से प्रशिक्षण केंद्र तक आने-जाने के लिये प्रतिमाह 1000/- डीबीटी के माध्यम से भेजे जाने का प्रावधान है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/launch-of-mukhya-mantri-sarathi-yojana-